**उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल)**

**UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY, HALDWANI (NAINITAL)**

दिनांक 19/04/2021

पत्रांक:यू0ओ0यू0/परीक्षा/411(13)/2021/1647

माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनांक 17 अप्रैल 2021 को सम्पन्न परीक्षा समिति की 13वीं बैठक का कार्यवृत्त

**बैठक में निम्न ने प्रतिभाग किया:–**

1. प्रो0 ओम प्रकाश सिंह नेगी, कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय - अध्यक्ष
2. प्रो0 पी0एस0 बिष्ट, भौतिक विज्ञान विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय,एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा - सदस्य
3. प्रो0 एच0पी0 शुक्ल,निदेशक, मानविकी विद्याशाखा, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
4. प्रो0 गिरिजा पाण्डे , निदेशक, समाज विज्ञान वि0शा0, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
5. प्रो0 दुर्गेश पंत,निदेशक,कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विद्याशाखा,उ0मु0वि0वि0,हल्द्वानी - सदस्य
6. डा0 अखिलेश कुमार नवीन,निदेशक, विधि वि0शा0,उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
7. डा0 रेनू प्रकाश, प्रोफेसर, समाजशास्त्र, वि0शा0, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य
8. प्रो0 पी0डी0 पंत,परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - सदस्य सचिव
9. प्रो0 एच0एस0 नयाल , कुलसचिव, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
10. डा0 कमल देवलाल, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
11. डा0 कल्पना पाटनी, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
12. डा0 देबकी सिरोला, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
13. डा0 ज्योति रानी, सहायक परीक्षा नियंत्रक, उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
14. श्री पंकज कुमार, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, (परीक्षा) उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य
15. श्री नवनीत महरा,तकनिकी परामर्शदाता , उ0मु0वि0वि0, हल्द्वानी - आमंत्रीत सदस्य

सर्वप्रथम परीक्षा नियंत्रक (सदस्य सचिव, परीक्षा समिति) द्वारा कुलपति (अध्यक्ष, परीक्षा समिति ) तथा सभी उपस्थित सदस्यों का परीक्षा समिति की 13वीं बैठक में स्वागत किया गया। परीक्षा नियंत्रक ने विशेषरूप से समिति की बैठक में उपस्थित वाहय सदस्य प्रोफेसर पी0एस0 बिष्ट का धन्यवाद किया।

तदुपरान्त परीक्षा नियंत्रक द्वारा संबंधित प्रस्तावों पर विचार हेतु सदस्यों को आमंत्रित किया जिस पर बैठक में प्रस्तावार चर्चा की गयी तथा निम्न संस्तुति प्रदान की गई :



उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव–13.1**

**12वीं बैठक दिनांक 29 सितम्बर 2020 के कार्यवृत्त की पुष्टि**

परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनांक 29 सितम्बर 2020 के कार्यवृत्त का परीक्षा समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया।

**प्रस्ताव–13.2 परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनांक 29 सितम्बर 2020 के निर्णयों पर कृत कार्यवाही**

परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनांक 29 सितम्बर 2020 की कृत कार्यवाही की जानकारी परीक्षा नियंत्रक द्वारा समिति को विस्तृत रूप में दी गई जिसका समिति द्वारा अनुमोदन किया गया।

**प्रस्ताव–13.3**

**विश्वविद्यालय के शीतकालीन सत्र (दिसम्बर 2020) से संबधित सेमेस्टर परीक्षाएं जो दिनांक 26 अप्रैल 2021 से आयोजित कराई जा रही है । परीक्षाओं के आयोजन हेतु बढ़ते कोरोना महमारी संक्रमण पर विचार व निर्णय।**

कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 26 अप्रैल 2021 से प्रस्तावित शीतकालीन सत्र (दिसम्बर 2020) से संबधित सेमेस्टर परीक्षाओं को अग्रिम आदेश तक स्थगित किये जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव–13.4**

**विश्वविद्यालय के शीतकालीन सत्र (दिसम्बर 2020) से संबधित वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 22 फरवरी से 22 मार्च 2021 तक के आयोजन हेतु बढ़ते कोविड–19 महामारी संक्रमण पर परीक्षा कार्य हेतु संलग्न कार्मिकों के दिये जाने प्रोत्साहन राशि के संबंध में।**

परीक्षाओं के परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को मुख्यालय से बाहर जाने पर रू0 1000/– प्रोत्साहन राशि भुगतान किये जाने पर सहमति प्रदान कर अनुमोदन दिये जाने के उपरान्त लागू किया गया। समिति इससे अवगत हुई । कोविड–19 महामारी के मध्य विश्वविद्यालय की आयोजित परीक्षाओं में उपरोक्त व्यवस्था लागू किये जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से संस्तुति प्रदान की गई।



परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

**प्रस्ताव–13.5**

**विश्वविद्यालय की आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में रिकाडिंग व विडियों ग्राफी का कार्य किये जाने वाले कार्मिकों को मानदेय भुगतान के संबंध में।**

विश्वविद्यालय की आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में रिकाडिंग व विडियों ग्राफी में संलग्न कार्मिकों को रू0 600/– मानदेय भुगतान किये जाने पर समिति द्वारा संस्तुति प्रदान की गई।

**प्रस्ताव–13.6**

**शीतकालीन सत्र (दिसम्बर 2020) से संबधित वार्षिक परीक्षाएं सितम्बर –2020 से संबंधित नकल प्रकरण (UFM) एवं शिकायती प्रकरण (Grievances Committee) के कार्यवृत्त पर अनुमोदन ।**

समिति द्वारा नकल प्रकरण व शिकायती प्रकरण के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**प्रस्ताव–13.7 अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यकीय प्रस्ताव**

1. विश्वविद्यालय के ग्रीष्मकालीन सत्र सितम्बर 2020 के (अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर के परीक्षार्थियों को छोड़कर) मध्यवर्ती वर्ष/सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से संबंधित (मुख्य/बैक/सुधार परीक्षा के) परीक्षार्थियों को प्रोन्नत (Promote) किया गया था। इससे संबंधित वे परीक्षार्थी जो सत्रीय कार्य में पास है परन्तु सत्रीय कार्य के अंक 50 प्रतिशत से कम है वह परीक्षार्थी प्रोन्नत होने पर लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण नही हो पाया है। **समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कोरोनाकाल पर छात्रहित के मध्यनजर ऐसे परीक्षार्थियों के सत्रीय कार्य के अंकों को 50 प्रतिशत करते हुए प्रोन्नत किया जाए।**
2. परीक्षाओं के उचित संचालन हेतु परीक्षा कन्द्रों में पूर्ण परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षकों को कार्य हेतु भेजा जाए।
3. भविष्य में ऑनलाइन परीक्षा कराये जाने हेतु आई0सी0टी0 अनुभाग से चर्चा कर प्रस्ताव तैयार किया जाए।
4. विश्वविद्यालय की परीक्षाओं व अन्य कार्य हेतु संलग्न वाहनों के बिलों की पूर्ण जांच तथा जो आवश्यक कार्य सेवा में संलग्न कार्मिक परीक्षा के दौरान परीक्षा कार्य हेतु परीक्षा कन्द्रों में नही भेजे जाते है उनके संबंध में कार्यवाही हेतु कुलसचिव को नामित करते हुए केमटी का गठन कर निर्णय लिये जाने पर निर्देर्शित किया गया।

बैठक के अन्त में सभी सदस्यों का सचिव, परीक्षा नियंत्रक द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक का समापन किया गया।

19.4.21

सदस्य सचिव,
परीक्षा समिति
परीक्षा नियंत्रक
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

अध्यक्ष,
परीक्षा समिति
19/4/2021
कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)